## तमाचे जड़े, गला पकड़कर सिर बेड पर पटका

# कमरे में बंद कर पति को जमकर पीटा

कोलगवां थाना क्षेत्र के सिंधी कैंप इलाके में एक महिला द्वारा पति को कमरे में बंद करके पीटने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में पत्नी पति का सिर पकड़ कर बेड में पटक रही है और तमाचे भी मार रही है।



सतना।

वह बचने के लिए गुहार लगा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि पत्नी ने पती को जमीन पर पटक दिया और मारपीट की। युवक अपनी मां से बचाने की गुहार लगाता रहा। बेटे की पिटाई देख मां ने कमरे से बाहर निकालकर बहू को फटकार लगाई। इसके बाद पत्नी ने अपने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

### वीडियो बनाने से किया मना

युवक अपनी पत्नी से बातचीत को लेकर वीडियो बना रहा था,पत्नी ने मना किया तो युवक ने कहा कि 'नहीं तुम मारने-पीटने लगती हो, इसलिए वीडियो बना रहा हूं' पत्नी ने कहा की नहीं मारूंगी। वीडियो बंद करो और फोन छीनने का प्रयास करती है,जिस पर युवक वीडियो में कहता हुआ दिख रहा है कि 'देखिए मुझे मार रही है'। इस दौरान पत्नी लगातार फोन छीनने का प्रयास करती है और बोलती है कि 'मैने तुम्हें बात करने के लिए बुलाया है यहां'। वीडियो में युवक,पत्नी से कहता हुआ दिख रहा है कि 'मुझे तुमसे बहुत डर लगता है'। पत्नी इसके बाद कमरे की कुंडी लगाती है और वीडियो को बंद करने का प्रयास करती है। जब युवक नहीं मानता तो पत्नी,युवक को धक्का देती है और गला दबाकर थप्पड़ जड़ने लगती है।

### 4 साल पहले प्रेम विवाह किया

जानकारी के अनुसार,युवक-युवती ने 4 साल पहले प्रेम विवाह किया था। शुरुआती कुछ महीने अच्छे बीते,लेकिन बाद में दोनों में विवाद शुरू हो गया। सिंधी कैंप में मोबाइल की दुकान चलाने वाले युवक पर पत्नी ने कोर्ट में केस दर्ज कराया है। पत्नी का आरोप है कि पति उसे मारता-पीटता है और पैसे नहीं देता। इस मामले में कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि वायरल वीडियो देख कर ध्यान आ रहा है कि इस तरह की शिकायत 3-4 महीने पहले आई थी।

## खबर संक्षेप

### लटागांव की उचित मूल्य की दुकान में चोरी

**मैहर।** मैहर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लटागांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान से लाखों रुपये का गेहूं और चावल चोरी हो गया। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों के फिंगर प्रिंट मशीन में पूर्व दिनों लग चुके थे लेकिन अनाज का वितरण नहीं हुआ और अब पूरा स्टॉक चोरी हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बदेरा पुलिस जांच में जुट गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या पुलिस इस चोरी का खुलासा कर पाएगी। ग्रामीणों की मांग है कि दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई। इस चोरी को लेकर उपभोक्ताओं के द्वारा आरोप लगाए जा रहे है कि जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण ऐसे मामले रोज होते है कि सेल्समैन के द्वारा सरकार के द्वारा दिए जाने वाले राशन को हजम करने के लिए कोई न कोई बहाना बनाते रहते है। ग्रामीण अंचल में खुली उचित मूल्य की दुकानों में दबंग सेल्स मैनों का कब्जा होता है जो अपनी मनमानी करता है। आरोप लगाए जा रहे है कि इस प्रकार की चोरी की घटनाएं आम बात हो गई क्यों कि चोरी की घटना का खुलासा आज तक किसी भी उचित मूल्य की दुकान का नही हो पाया है।

### अमन जैन का सुर विद्या में सुयश

**मैहर।** सुर विद्या सीजन 2 में अमन जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मैहर एवं समाज का नाम रोशन किया है। गत दिनों सुर विद्या सीजन में अमन जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सुयश के लिए अगर बड़े भाई प्रशांत जैन होते तो कुछ और ही बात होती। गत दिनों प्रशांत जैन का निधन हो जाने से परिवार में उतनी खुशी नहीं है लेकिन इस सुयश के लिए शिक्षकों एवं परिवार सहित ईष्ट मित्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### घंटाघर का अतिक्रमण हो गया बेइलाज

**मैहर।** मैहर नगर का मुख्य चौरहा घंटाघर में अतिक्रमण का इलाज आज तक कोई नहीं ढूंढ निकाल सका लेकिन वर्तमान प्रभारी सीएमओ के द्वारा आज घंटाघर चौराहे में होने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की गई साथ ही चौराहे पर अतिक्रमण को हटाने के लिए फायर ब्रिगेड वाहन का स्थाई तौर पर स्टैंड बनाया गया है जिससे अतिक्रमण नहीं हो लेकिन फायर बिग्रेड को खड़ें किए गए एक घंटा भी नही बीता और उसके चारों तरफ वाहन खड़ें हो गए अगर आपातकालीन स्थिति हो जाती है तब पहले वाहनों को हटाया जाएगा फिर फायर ब्रिगेड निकलेगा।

### ग्रामीण अंचल में पाठशालाएं हो रही क्षतिग्रस्त

**मैहर।** शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की नीति प्राथमिकता के अनुसार नहीं रही है इस पर हमेशा से ही सावल उठते रहे है क्यों कहीं छात्र है तो भवन नहीं है कहीं भवन है तो जर्जर है जिसमें बच्चों की जिंदगी दांव पर लगी रहती है तो कहीं भवन और छात्र दोनों है तो शिक्षक नहीं है। भाजपा सरकार का पूर्व में स्लोगन था स्कूल चले हम,जब नही है स्कूलों में दम तो क्या करगें छात्र। यह सच्चाई उस समय सामने आ गई जब ग्राम पंचायत करैया बिजुरिया के शासकीय स्कूल की छत का बारजा गिरने से एक शिक्षिका बुरी तरह घायल हो गई। यह घटना इसलिए और भी चिंताजनक है क्योंकि शिक्षिका ने कई बार विभाग को पत्र लिखकर स्कूल की दशा के बारे में बताया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। और इस विद्यालय मो पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है।इस घटना के बाद को यह स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन शिक्षा विभाग अपने उत्तरदायित्वों के प्रति गंभीर नही है। इस घटना के बाद क्षेत्र की जनपद सदस्य प्रियाप्रभात द्विवेदी ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर अनुशासनात्मक करवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यह घटना सरकार की लापरवाही को दर्शाती है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।



## 40 साल पुराना शासकीय स्कूल का भवन ढहाया गया

सतना।



चित्रकूट के पोखरवार में स्थित 40 साल पुराने शासकीय स्कूल के भवन को सोमवार को कलेक्टर के आदेश के बाद ढहा दिया गया। चित्रकूट के सीएमओ विशाल सिंह ने बताया कि भवन लगभग 40 साल पुराना था लेकिन मौजूदा समय में स्कूल भवन के बाहर लग रहा था। भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती थी। सोमवार को टी एल बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार चित्रकूट के पोखरवार का जर्जर स्कूल भवन जेसीबी मशीन की मदद से ढहा दिया गया।

### रविवार को रेल ट्रैक के पास आग लगने के कारण रोकनी पड़ीं थीं दो ट्रेनें

## जंगली क्षेत्र में आग लगने से रेल प्रशासन अलर्ट, पेट्रोलिंग बढ़ाई गई

सतना।



पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन में मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग के प्रमुख रेल ट्रैक के अन्तर्गत सतना-मानिकपुर के बीच जंगल में लगी आग से रेल यातायात पर पड़ा है। बांसा पहाड़ स्टेशन के पास रविवार को दोपहर रेलवे ट्रैक किनारे झाडिय़ों में लगी आग की लपटों के कारण 2 ट्रेनों को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह घटना रविवार की है। लगातार आग लगने की घटना को देखते हुए रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जंगली और पहाड़ी क्षेत्र से निकलने वाली ट्रेनों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है छोटे-छोटे रेलवे स्टेशनों में छोटे से लेकर बड़े कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। आपको बतादे की रविवार को जंगल में फैली आग धीरे-धीरे रेलवे की ट्रैक के पास आ गई थी। गैंगमैनों ने रेलवे ट्रैक के किनारे जंगल में लगी आग की जानकारी रेलवे अधिकारियों को दी थी। जिसके बाद मझगवां से आरपीएफ के चौकी प्रभारी भी दल-बल के साथ बांसा पहाड़ स्टेशन पहुंच गए थे। जानकारी के अनुसार बांसा पहाड़ के पास जंगल में सुबह से ही आग धधक रही थी,ये धीरे-धीरे पेड़ की सूखी पत्तियों के कारण रेलवे ट्रैक किनारे दोपहर 1 बजे पहुंची। लिहाजा एलटीटी से पटना जा रही जनता एक्सप्रेस को बांसा पहाड़ स्टेशन में 10 मिनट के लिए रोकना पड़ा था। इसी तरह से इसके पीछे चल रही गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को भी 10 मिनट के लिए रोकना पड़ा था। गैंगमैनों ने ट्रैक किनारे लगी आग को बुझाया तब ट्रेनों का परिचालन शुरू हो सका।

### अग्निशमन यंत्र के साथ तैयारी

पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे स्टेशन के मैनेजर अब्दुल मतीन ने सोमवार को बताया कि बासा पहाड़,बहिलपुरवा,ओहन के अलावा अन्य छोटे और बड़े रेलवे स्टेशन जो जंगली क्षेत्र में है वहां पर दो-दो अग्नि सामान यंत्र के साथ सभी कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि चाबी मैन, ट्रैकमैन और पॉइंट्स मैन की ड्यूटी पेट्रोलिंग में लगाई गई है।

## जीपी एजीपी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने महाधिवक्ता को ज्ञापन सौंपा

सतना।



मध्य प्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जीपी/एजीपी)संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने महाधिवक्ता प्रशांत सिंह सहित राज्य अधिवक्ता परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पाठक,पूर्व महाधिवक्ता रविनंदन सिंह से उनके आवास पर भेंट कर ज्ञापन सौंपा। शासकीय अधिवक्ता संघ के प्रदेश महासचिव जिले के मुख्य शासकीय अधिवक्ता रमेश मिश्रा ने बताया अधिवक्ताओं की प्रदेश व्यापी तथा दीर्घकाल से लंबित विभिन्न समस्याओं जैसे नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानो की गलत व्याख्या कर जीपी/एजीपी कैडर को प्रभावित करने सहित अभियोजन की अन्य संस्थाओं के समान मूलभूत कार्यालयीन साधन सुविधा उपलब्ध कराए जाने, समय आधारित पंजी संधारण व्यवस्था समाप्त कर निश्चित व नियमित मानदेय देने,मध्यप्रदेश मे नवीन मुकदमा नीति 2018 को प्रभावी रूप से लागू किए जाने,विधि विपरीत प्रकरणो को कथित सनसनी खेज चिंहित किए जाने पर रोक लगाए जाने,नियुक्ति मे उम्र सीमा 65 वर्ष तक बढ़ाए जाने,अभियोजन संचालक,उप संचालक की नियुक्ति नीति में अनुभवी जीपी/एजीपी को प्राथमिकता से शामिल किए जाने नियमित प्रशिक्षण कराए जाने की मांग ज्ञापन का मुख्य विन्दु है,जिस पर महाधिवक्ता ने प्रदेश के सभी कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक को जीपी कार्यालयों कर निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पत्र जारी किए जाने के साथ ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर शीघ्र सम्मेलन बुलाए जाने का आश्वासन दिया है।

### रील बनाना पड़ा महंगा, रेलवे स्टेशन में युवक करंट की चपेट में आया

**सतना।** रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। जहां एक युवक सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय करंट की चपेट में आ गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान प्रिंस चौधरी निवासी रामना टोला के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,प्रिंस रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर रील बना रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज बिजली के तारों की चपेट में आ गया और जोरदार झटके के साथ नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## गोरइया विद्यालय कि भूमि में अवैध निर्माण, अधिकारी बेलगाम

### ग्रामीणों ने अतिक्रमण मुक्त कराने के लगाए नारे

मैहर।

मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोरइया के विद्यालय में चल रहा इस समय अवैध निर्माण किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। बताया जाता है कि 508/2 रकवा 0.421 हेक्टेयर हैं जो कि खसरे में दर्ज मध्य प्रदेश शासन विद्यालय कि भूमि है। शिक्षकों एवं सरपंच के द्वारा संबंधित विभागों में इस समस्या को लेकर आवेदन दिए जा चुके है परंतु न्याय नहीं मिलने से धारा 250 अंतर्गत स्थगन आदेश कि मांग कि नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी ने स्थगत आदेश जारी कर दिया जब कि हल्का पटवारी जांच प्रतिवेदन लेने जाते है तो विद्यालय के शिक्षक एवं सरपंच कि गैर मौजूदगी में प्रतिवेदन पंचनामा बनवा कर तहसील न्यायालय में पेश कर दिया जाता है। तहसीलदार से मौखिक बात करने पर किसी की नहीं सुनते हुए मामले को खारिज कर दिया जाता है जो कि यह खसरे में लेख है कि विद्यालय कि भूमि है। इस संबंध में तहसीलदार के द्वारा बताया गया कि शैलेश गौतम पिता दयाराम गौतम के द्वारा बताया गया कि मकान पुस्तैनी से बना हुआ है उसी को तोड़के बना रहे है जब विद्यालय कि भूमि लेख है तो पुस्तैनी मकान कहा से हो सकता है। इसको लेकर तहसीलदार संदेह के घेरे में आ रहे है। विद्यालय की भूमि सार्वजनिक संपत्ति है और इसका अवैध कब्जा गंभीर मामला है संदेह होने पर गहन जांच कराने की मांग स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जिला कलेक्टर से की जा रही है।

## कोठी पुलिस ने अवैध शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार



**सतना।** कोठी कोतवाली पुलिस से अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम दशरथ प्रसाद चौधरी पिता रामलाल चौधरी उम्र 36 वर्ष निवासी उदयसागर बताया गया है। उसके कब्जे से 282 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 32 पाव देशी मलासा कुल 56 लीटर 520 एमएल कीमती 22940 की शराब जप्त की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज द्वारा अवैध शराब तस्कर के विरुद्ध 34(2) आबकारी अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

## शारदा प्रबंध समिति में मनमानी से ही लगी है मंदिर प्रांगण में आग

### आग लगने के कारण की होनी चाहिए जांच दोषी को हटाया जाए

**मैहर।** देवी जी धाम में शारदा प्रबंधक समिति कर्मचारियों की लापरवाही फिर सामने आई जिसके चलते रविवार को दोपहर मंदिर ऊपर एक पेड़ के नीचे लगने हड़कंप मच गया। हालांकि किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। आग लगने वाला स्थान साफ होता तो कैसे लगती आग साथ ही अगर समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो क्या होता। यह मंदिर की शारदा प्रबंधक समिति की समझ से परे है। अब मामला व्यवस्था का उठता है कि समिति में लगभग 250 कर्मचारी हैं कौन कर्मचारी कहां पर है यह महज कागजों में कैद है। प्रभारी वाकायदा शाम को आते है और अपना हिस्सा लेकर चलते बनते है उन्हें मंदिर में क्या हो रहा इससे कोई लेना देना है मतलब तो सिर्फ जिसकी मंदिर या कमाई वाले स्थानों में डियूटी लगाने की ऊपरी कमाई से होता है क्यों कि जो ज्यादा से ज्यादा पैसा कर्मचारी कमा कर देता है उसी की मांग के अनुसार लगाया जाता है। अगर मंदिर में ऊपर कर्मचारी होते तो आग नहीं लगती क्योंकि उक्त जगह मंदिर के पास की है।

**समिति में चल रही मनमानी-** इन दिनों समिति कर्मचारियों की मनमानी चरम पर है कारण यह की उपयंत्री को खुला संरक्षण प्राप्त है इसलिए किसी को कुछ नहीं होगा। बताया जाता है कि आय वाली जगहों पर उपयंत्री ने अपने आदमी लगाए हुए है इसलिए सीसीटीवी कैमरे किसी काम का नहीं है क्यों कोई देखने वाला नहीं है।

## नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए हो रही ब्लास्टिंग परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

मैहर।




इन दिनों बिल्डर के कारनामे देखने लायक हैं। नहर में ब्लास्टिंग का काम करवाया जा रहा है जो की नियमों को ताख़ पर रखते हुए मनमाने तरीके से हैवी ब्लास्टिंग रहवासी क्षेत्र में की रही है। जिससे अब स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। लगातार एक लंबे समय से इस हैवी ब्लास्टिंग का विरोध स्थानीय लोग कर रहे हैं। लेकिन ठेकेदार को लोगों की कोई चिंता दिखाई नहीं दे रही है। मनमाने तरीके से ब्लास्टिंग ठेकेदार के द्वारा बिना किसी नियमों का पालन करते हुए धड़ल्ले से अपना कार्य किया जा रहा है। इन दिनो मंटोलवा,हरदासपुर जैसे दर्जनों गांवों में ब्लास्टिंग का कार्य किया जा रहा है ब्लास्टिंग का कार्य रहवासी क्षेत्र में हो रहा है जिसे कहीं ना कहीं लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसकी वजह से अब स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। काफी मशक्कत के बाद जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोगों ने मैहर एसडीएम से शिकायत की और मदद की गुहार लगाई है।

# जल गंगा संर्वधन अभियान में जल संरक्षण कार्यों को लेकर क्या वास्तव में पंचायतों में होने वाले कार्यों में जनभागीदारी की दिशा होगी तय

## या कि प्रतिवर्ष की तरह जलसंर्वधन कार्यों में भ्रष्टाचार का इतिहास फिर आगे बढ़ेगा

निश्चितौर पर जल ही जीवन है यह सबसे बड़ी जरूरत भी मानी जा रही है। पर इसके पीछे जल स्तर को घटाने के लिए जिस तरह से कार्य हो रहे है क्या उन पर भी गौर किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार जहां जल संरक्षण कार्यों के लिए 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संर्वधन अभियान चलाये जाने को लेकर एक बार फिर सामने आ रहा हैं





पन्ना।

जहां जिले के जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है तथा गरमियों में पेयजल संकट हो सकता है। ऐसे क्षेत्रों को कार्य योजना तथा अन्य योजना से जल संर्वधन संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराये जाने को लेकर माना जा रहा है। वहीं परम्परागत जल स्त्रोतों के जीर्णद्धार एवं विकास के कार्य शामिल कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपयुक्त स्तर पर एक कार्य आवश्यक रूप से कराये जाने को लेकर एक बार फिर सामने समय आया साथ ही वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास के लिए जल गंगा संर्वधन अभियान के माध्यम से आम जनता की भागीदारी को लेकर भी मंशा तो जाहिर की जा रही है। पर वास्तविकता में यह हर ग्राम पंचायत में जहां जल संर्वधन को लेकर कार्य कराये जाने है उसमें जनभागीदारी कितनी की जायेगी यह बड़ा सवाल है क्योंकि अधित्तर देखने में यह आता है कि प्रतिवर्ष की तरह एक बार फिर राशि को लेकर ठिकाने लगाया जाता है। मशीनों से कार्य कराने को लेकर स्थितियां सुर्खियां बनती है फिर भी कार्यवाही के नाम पर सिफर साबित होता है आम जनता का विश्वास पंचायतों के प्रति लगातार घटता जा रहा है। हालात स्वयं की स्वार्थ पूर्ति को लेकर जहां राशि को व्यय करने के लिए यह बेहतर मौका पंचायतों में माना जाता है। तभी तो जल स्तर घटने की स्थिति सतत समस्या के रूप में सामने है। प्राचीन समय में जो तालाब जिस पंचायत में अपने अस्तित्वों को लेकर आज देखने को मिल रहे है। क्या उन्हें बचा पाना हम आप सबकी नैतिक जिम्मेदारी नहीं है। विकास का क्रम बदला अब तालाबों में अधिकतर अतिक्रमण के हालात तालाबों को तालाबों को निगल रहे है। वहीं जिस तरह से जल संर्वधन को लेकर राशि जिन पंचायतो में पिछली बार व्यय की गई क्या उनको भी परखा जायेगा। जिससे जमीनी हकीकत भी सामने आयेगी। किस तरह से पंचायतों में भ्रष्टाचार के रूप में इस राशि को बलिदान के रूप में चढ़ाया जाता है। वहीं तालाब हो या कुआं आज स्वयं गायब हो रहे है उसकी वजह अब निजी स्वार्थ आगे आ रहे है। अपना घर तक सीमित हो रहा प्राचीन समय में तालाब, कुआं, नदियां हमारी जल की आपूर्ति को लेकर महत्वपूर्ण मानी जाती थी अब सबको खत्म करने की होड़ है। उदाहरण को लेकर जिस तरह से प्राचीन समय के तालाब जिनका रकवा आज भी कागजों में भले ही जाना जाये पर स्वरूप में कितने बचे वहीं नदियों में अवैध तरीके से रेत का उत्खनन जहां जल स्तर को गायब कर रहा है। वहीं कुओं के हालात सुधार को लेकर जीर्णशीर्ण जो है उनकी जरूरत कब समझी जायेगी। इतना ही नहीं तालाबों नदियों तथा चौपरों, बावड़ियों को जानकर क्या उनकी दास्ता पर नजर डालकर उनके लिए सुधार की दिशा तय की जायेगी। जो वास्तविकता में जल गंगा संर्वधन अभियान को सफल बनाने को लेकर जाना जायेगा। वैसे तो केन नदी का बचाव ही कर दिया जाये अवैध उत्खनन से तो सायद सही रूप में जल गंगा संर्वधन अभियान जिले में बेहतर क्रियान्यन को लेकर माना जायेगा। या फिर एक बार फिर बीतों वर्षों की तरह जल संर्वधन के कार्यों में 30 जून तक भ्रष्टाचार की गंगा बहेगी जो सुर्खियां तो बनेगी लेकिन हालात वही कार्यवाहियां दम तोड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन कहा अभियंता हटाओ अमानगंज बचाओ



अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज विद्युत मंडल में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता जब से तैनात हुए हैं तब से विवाद और पैसो के लेनदेन को लेकर आए दिन चर्चा में बने रहते हैं उनकी स्थानीय एवं क्षेत्रीय किसानों द्वारा लगातार शिकायतें भी प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष की जाती रही हैं बीती 22 मार्च कि देर शाम कुछ ग्रामों की जनता ने विद्युत मंडल पहुंचकर जमकर प्रदर्शन करते हुए विद्युत आपूर्ति सेवा बहाल करने के साथ ही कनिष्ठ अभियंता हटाए जाने की मांग की है मौके पर जनता का कहना है कि हम सब विद्युत का बिल जमा कर चुके हैं उसके बावजूद विद्युत बहाली को लेकर रोजाना अधिकारी हमें चक्कर लगवा रहे है यहां दलालों की सक्रियता तेज है कुछ किसान जो रसीद से कनेक्शन ले रहे हैं वह घाटे में देखे जा रहे हैं लेकिन जो अस्थाई कनेक्शन पा रहे हैं जिनमें दलालों का और अधिकारियों का हाथ बंटा है वह जलवे में है हमारे क्षेत्र की तकरीबन 6 गांव की एक हफ्ते से विद्युत बंद है अतः जिला कलेक्टर से हम सब का आग्रह है कि अधिकारी को यहां से तत्काल हटाया जाए ताकि किसानों की विद्युत आपूर्ति पूर्व की भांति मजबूत हो सके।

### तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र घायल





अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज नगर अमानगंज छतरपुर सड़क मार्ग पर आज दोपहर लगभग 12:30 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप चालक जो अपनी पिकअप को तेज रफ्तार से चलाते हुए छतरपुर सड़क मार्ग पर जा रहा था उसने नगर के हिनौती अमानगंज बाईपास चौराहे पर एक बाइक चालक को लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया और मौके से भाग गया इस घटना में बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे स्थानीय लोगों की मदद सेसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज मे दाखिल कराया गया और उनकी प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने उनकी हालत को गंभीर बताया घटना की सूचना स्थानीय पुलिस बल को दी गई जिनके सहयोग से दुर्घटना में घायल हुए घायलों के परिजनों को मौके पर बुलाने के साथ ही जबलपुर रेफर कर दिया गया सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र दोनों के एक-एक पेर बुरी तरह टूट गए व शरीर के कई अंगों में गंभीर चोटे आई घायलों के जो नाम जानकारी में सामने आए हैं उनमें प्रागी पटेल पिता सुन्नी पटेल 55 वर्ष निवासी सूरजपुरा थाना सुनवानी जिला पन्ना व दूसरे घायल का नाम नर्मदा पटेल पिता प्रागी पटेल 20 वर्ष निवासी सूरजपुरा बताया गया है जो अपने गांव से अमानगंज सामान की खरीदारी करने आ रहे थे और हिनौती अमानगंज बाईपास चौराहे पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए सड़क दुर्घटना घटित करने वाला पिकअप चालक और पिकअप कौन सी है या पुलिस जांच का विषय है जो जल्द ही पुलिस की पकड़ में होगा।

### कलंक बना आबकारी विभाग का दफ्तर, अनहोनी घटना का इंतजार



अमानगंज। पुराना बस स्टैंड के पास दिनभर लगता जाम, अधिकारी जनप्रतिनिधि, गहरी निद्रा में रहते हैं। नगर अमानगंज में वर्षों से सरकारी बिल्डिंग में संचालित आबकारी विभाग का गोदाम नगर के लिए एक कलंक से कम नहीं है जहां पर चंद दूरी पर नगर का इकलौता शासकीय कन्या स्कूल है जिसमें लगभग डेढ़ हजार छात्राएं अध्यनरत है, जो क्षेत्र के दूर दराज ग्रामों से चारों तरफ से अध्ययन करने के लिए विद्यालय आती है। वर्षो से शराब गोदाम नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में संचालित हो रहा है जहां पर प्रतिदिन भारी वाहन बीच सड़क पर आए दिन शराब का भंडारण करने के लिए खड़े रहते हैं और किसी बड़ी सड़क दुर्घटना को निमंत्रण देते हैं परंतु नगर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं अनेकों बार समाचार पत्रों में इस भीषण समस्या से जिला प्रशासन को अवगत करा चुके हैं परंतु इस समस्या का निदान किसी ने आज तक नहीं कराया है चारों तरफ दुकानदारों को अपनी रोजी-रोटी के लिए तरसना पड़ रहा है, शराब के भंडारण के समय पूरे चौराहे पर शराब की गंध फैल जाती है जिससे आम जनमानस को राह निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## पंचायत स्तर की 20 टीमों ने लिया भाग, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह

# ग्राम खोरा के फाग उत्सव में कीरतपुर की टीम बनी विजेता





खोरा।

पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत ऐतिहासिक एवं धार्मिक ग्राम खोरा के रामलीला मैदान में 23 मार्च 2025 को युवा शक्ति संगठन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह एवं बुंदेली फागों के शानदार मुकाबले का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पंचायत स्तरीय 20 टीमों ने भाग लिया। निर्धारित समय अनुसार दिन में 12 बजे पूजन उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ फाग टीमों ने अपने फाग गायन की प्रस्तुति प्रारंभ की, फाग गायकों ने राजनीति, धर्म, जाति, समाज, राष्ट्र, शासन की योजनाओं, मौसम परिवर्तन आदि के मामले गायन के माध्यम से अनोखे अंदाज में प्रस्तुत किये। कुछ गायकों के द्वारा भ्रष्टाचार एवं राजनीतिक उठा पटक पर भी कटाक्ष किया गया। शाम लगभग 5 बजे मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए जिनका कार्यक्रम के आयोजकों रामपाल सिंह राजपूत और शुभम सिंह राजपूत सहित युवा शक्ति टीम के सदस्यों, फाग टीमों सहित सैकड़ों लोगों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। विधायक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया व युवा शक्ति टीम को बधाई दी। इसके साथ ही अपने उद्बोधन में क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के साथ-साथ आगामी दिनों में होने वाले विकास कार्यों के संबंध में भी अवगत कराया। यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा जहां हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी ढोल नगड़यिा की धुन व फागों की तान पर झूमते रहे। मुकाबले में विजेता बनी कीरतपुर टीम को 5100 रुपए की नगद राशि सहित उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उप विजेता टीम को 2100 रुपए की राशि और उपहार भेंट किया गया, इसके अलावा समस्त 18 टीमों को भी उपहार भेंट कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों रमेश सिंह शिक्षक एवं शिवमंगल सिंह शिक्षण ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकाबले में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में कीरतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की है। वहीं मड़रका की टीम बिहारी यादव के नेतृत्व में कड़ी टक्कर देते हुए उप विजेता बनी है।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गुनौर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी किए गए जिला जेल पन्ना में दाखिल



पन्ना।

फरियादी विजय रैकवार पिता पूरन रैकवार निवासी ग्राम इमलिया थाना गुनौर के द्वारा थाना गुनौर में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 21 मार्च 2025 की रात्रि को उनके समाज का खाना पीना चल रहा था तो वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर ताला लगाकर गांव के बाहर वाले मकान में चले गये थे जब सुबह घर में आकर देखा तो उसके घर में रखी हुई खाद्यान्न सामग्री कुल वजन करीबन एक क्विंटल की घर के पीछे की दीवाल फांद कर कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। फरियादी की सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 84/25 धारा 331 (4), 305() बीएनएस का पंजीबंद किया गया। थाना गुनौर से घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदाय की गई जिनके द्वारा तत्परता से कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। घटनास्थल पर निरीक्षण के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर एक संदेही से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घर के अंदर घुसकर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी की गई खाद्यान्न सामग्री पुलिस को बरामद कराई गई तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिनके आदेश अनुसार आरोपियों को न्यायिक हिरासत पर जिला जेल पन्ना दाखिल कर दिया गया है।

**महत्वपूर्ण भूमिका** - संपूर्ण कार्यवाही पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साईं कृष्ण एस. थोटा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह, एसडीओपी गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षण श्री सुरेश चंद्र पांडे, आरक्षक श्री धर्मेंद्र प्रजापति, आरक्षक श्री देवराज पटेल के द्वारा की गई।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर पर्यावरण प्रेमियों का किया गया सम्मान







पन्ना। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महाकौशल प्रांत जिला पन्ना के तत्वाधान में पीएम श्री छत्रसाल कॉलेज पन्ना में पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह रमेश पटेल और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संघ चालक रुद्र प्रताप यादव, पंडित लक्ष्मण दास जी महाराज उपस्थित रहें। इस दौरान पर्यावरण को संरक्षित करने तथा पर्यावरण एवं पेंड़ो को बचाने के लिए संकल्प लिया गया तथा पर्यावरण प्रेमियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा गीत और नाटक के माध्यम से पर्यावरण बचाने का आवाहन किया। इस दौरान पर्यावरण प्रेमियों को प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन संस्थाओं तथा व्यक्तियों को पर्यावरण को लेकर सम्मानित किया गया, उसमे श्री प्राणनाथ जी ग्रीन केरीडोर समिति पन्ना, लीनस क्लब पन्ना, सुरेन्द्र द्विवदी प्रचार्य अमानगंज, अनिल द्विवेदी षिक्षक, राज कुमार नामदेव, जगदीष अहिरवार, आषिष पान्डेय वन रक्षक शाहनगर, प्रेम नारायण वर्मा वन रक्षक बोरी, प्रदीप पिड़हा, राजेन्द्र अरजरिया रेन्जर, इन्द्रभान सिंह, महेष यादव, भगवान दास सोनी, साहस संस्था, लीनस संगम क्लब, डॉक्टर रीतेष जयसवाल, पायल पटेल, पूनम यादव, अजय चौरसिया आदि को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे इतिहास विषेषज्ञय सूर्यभान सिंह परमार, श्रीमती मंजूलता जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण एवं प्रगति की प्रतिदिन करें समीक्षा : कलेक्टर
# लंबित प्रकरणों के निराकरण में न हो लापरवाही, कंट्रोल रूम के माध्यम से दें सूचना



पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त जिला अधिकारी प्रतिदिन शिकायतों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा करें। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम के माध्यम से भी सभी एल-1 स्तर के अधिकारी एवं संबंधित जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक सूचना दी जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन सहित साप्ताहिक समयावधि पत्रों, जनसुनवाई के प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं के समय पर प्रदाय और शासन के महत्वपूर्ण पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में फरवरी माह की रैंकिंग में डी श्रेणी के विभागों के अधिकारियों को अविलंब शत प्रतिशत प्रकरणों का प्रभावी तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्च माह की लंबित शिकायतों के प्रकरणों का भी समय पर निराकरण के लिए समुचित प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बजट के अभाव में लंबित शिकायतों के तत्काल निराकरण के लिए आवश्यक प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। इसी तरह खाद्य विभाग अंतर्गत 835 लंबित शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ समन्वय कर शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने के लिए कहा। ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व विभाग सहित आरटीओ की 15 शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारियों के अर्जित अवकाश नगदीकरण से संबंधित लंबित 44 शिकायतों के अविलंब निपटारा के निर्देश भी दिए। साथ ही समस्त बीएमओ को आशा कार्यकर्ता सहित समस्त अधीनस्थ मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त राजस्व अधिकारियों को इस सप्ताह अधिकतम राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा पटवारियों के प्रतिवेदन चेक करने के निर्देश भी दिए गए।

## एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड न करने पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत बार-बार निर्देश के बावजूद एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड न करने वाले अधिकारियों पर पुनः नाराजगी जताई। इस क्रम में चार अधिकारियों क्रमशः जनपद पंचायत सीईओ रोहित मालवीय एवं सतीष नागवंशी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कमल किशोर चौबे एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सर्वेश लोधी के विरूद्ध संभागायुक्त को कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित करने के लिए कहा। इसी तरह कृषि विभाग अंतर्गत फसल बीमा की मामलों में समन्वय के साथ लंबित प्रकरण का निराकरण नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में स्थानीय निकायवार पेंशन हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने, स्वरोजगारमूलक प्रकरणों में अधिकतम पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदान करने तथा बैंक स्तर पर समन्वय कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए।

## असफल ई-भुगतान मामलों का एक सप्ताह में करें निराकरण

जिला कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों के गत वर्ष में जिला कोषालय के माध्यम से असफल ई-भुगतान प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण किया जाए। इसी तरह कोषालय सॉफ्टवेयर पर शासकीय सेवकों के एम्पलाई आईडी का समग्र से सत्यापन कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए अन्यथा कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। जिला स्तर पर ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी कार्यवाही तथा आगामी दिवसों में विभागीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर मांग और पात्रता के आधार पर नवीन केन्द्र स्थापित करने, चेक लिस्ट मुताबिक केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने, धर्मकांटों की जांच और गोडाउन मैपिंग सहित गोदाम की स्थिति का आंकलन कर उपार्जित धान की शिफ्टिंग सहित बारदाना उपलब्धता व समय पर पंजीयन सत्यापन के लिए भी कहा। संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों के सतत निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया। शाहनगर के सिविल अस्पताल में पेयजल एवं शौचालय की बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में एसडीएम को निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्धारित आबादी वाली बसाहटों में सड़क सुविधा के लिए सर्वे कार्य, आगामी 31 मार्च तक राशन हितग्राहियों के केवायसी पूर्ण करने तथा इस सप्ताह विकासखण्ड स्तर पर सचिव एवं जीआरएस की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों के प्रस्ताव पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## सफारी कार ने ऑटो को मारी टक्कर, पति-पत्नी की मौत, 5 घायल

**छतरपुर।** सोमवार को जिले के बारीगढ़ थाना क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जिसमें पति-पत्नी की मौत होने के साथ ही 5 लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि पति की घटना स्थल पर ही जान चली गई थी, जबकि पत्नी ने अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ दिया। एंबुलेंस के माध्यम से जब घायलों को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में एंबुलेंस का ईंधन खत्म हो जाने से घायल काफी देर तक तड़पते रहे। बदौराकला निवासी बृजेश प्रजापति ने बताया कि उनके चचेरे भाई घंसू प्रजापति अपनी पत्नी सोना प्रजापति के साथ बदौरा से एक ऑटो पर सवार होकर ज्यौराहा जा रहे थे, तभी बारीगढ़ के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रही सफारी कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। दुर्घटना में घंसू की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सोना के अलावा ऑटो में सवार 5 अन्य लोग अखिलेश प्रजापति, सरमन सेन, शीलू सेन, माया प्रजापति और मूलचंद्र प्रजापति घायल हुए थे। हादसे के बाद 108 एंबुलेंस को मौके पर बुलाकर घायलों को बारीगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिला अस्पताल आने के दौरान रास्ते में एंबुलेंस का डीजल खत्म हो गया और घायल काफी देर तक एंबुलेंस में ही तड़पते रहे। चूंकि सोना की हालत अधिक गंभीर थी जिसके चलते जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी भी मौत हो गई। शेष घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। परिजनों का आरोप है कि यदि एंबुलेंस का डीजल खत्म न होता तथा सोना को समय पर उचित उपचार मिल जाता तो शायद उसकी जान बच जाती। बहरहाल घंसू प्रजापति और उसकी पत्नी सोना प्रजापति का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं बारगीढ़ थाना में मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ की बैठक

**दमोह।** चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देशभर में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ सीईओ, डीईओ और ईआरओ स्तर पर बैठकें की जा रही है। पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकें 31 मार्च, 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण करें।

## कुलगुरू के विरोध में सड़क पर उतरा सर्व हिन्दू समाज

# विशाल रैली निकालकर राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन

**कुलगुरू को पद से हटाने की मांग ने पकड़ा जोर**

पिछले 5 दिनों से लगातार विरोध झेल रहीं महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी के प्रति लोगों में गुस्सा कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर सर्व हिन्दू समाज द्वारा कुलगुरू का जोरदार विरोध किया गया।






छतरपुर।

मोटे के महावीर मंदिर में जिले भर से हजारों की तादाद में हिन्दू समाज के लोग एकत्रित हुए और इसके बाद विशाल रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

मोटे के महावीर मंदिर से शुरु हुई विरोध रैली छत्रसाल चौक से चौबे तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। इस दौरान हिन्दू धर्मावलंबियों ने कुलगुरू द्वारा दिए गए वक्तव्य का विरोध जताते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि इस मामले में कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी द्वारा अपने शब्द वापिस लेने की बात कही जा चुकी है लेकिन उनके द्वारा स्पष्ट रूप से माफी न मांगे जाने के कारण लोगों में उनके प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं गत रोज विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा एक लिखित माफीनामा भी जारी किया गया था लेकिन माफीनामा पर कुलगुरू के स्थान पर कुलसचिव के हस्ताक्षर होने से लोग और अधिक नाराज हो गए। सर्व हिन्दू समाज ने जिला प्रशासन के माध्यम से मध्यप्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर कुलगुरू को पद से हटाने की मांग रखी और अन्यथा की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

### क्या बोले हिन्दुधर्मावलंबी स्पष्ट माफी न मांगना कुलगुरू के

### अहंकार को प्रदर्शित करता है : प्रखर भट्ट



विरोध प्रदर्शन में शामिल युवा हिन्दू नेता प्रखर भट्ट ने कहा कि कुलगुरू ने माता सीता, भगवान राम और रामचरित मानस पर जो आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है उससे हिन्दू समाज आहत है। ऐसी मानसिकता वाले अधिकारी स्वतः अपना बोरिया-बिस्तर बांध लें अन्यथा छतरपुर का हिन्दू समाज उन्हें भगाने का काम करेगा। वीडियो वायरल होने के बावजूद कुलगुरू द्वारा स्पष्ट रूप से माफी नहीं मांगी गई है, जो कि उनके अहंकार को प्रदर्शित करता है।

### वामपंथी विचारधारा को बढ़ावा दे रहीं कुलगुरूः रामगोपाल यादव



हिन्दू धर्मावलंबी रामगोपाल यादव ने कहा कि कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी ने अपने वक्तव्य से वामपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने का काम किया है। ऐसे कुलगुरू की छतरपुर और महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को कोई आवश्यकता नहीं है। आशा है कि राज्यपाल उन्हें जल्द से जल्द बर्खास्त करेंगे।

### विश्वविद्यालय को जेएनयू बनाने की कोशिश कर रहीं कुलगुरूः नीरज भार्गव



समाजसेवी नीरज भार्गव ने कहा कि कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी ने भगवान राम और माता सीता के चरित्र पर सवाल खड़े किए गए हैं, वह निंदनीय हैं। कुलगुरू लगातार अपनी वामपंथी मानसिकता को प्रदर्शित करती रही हैं। पूर्व में उन्होंने जूते पहनकर मां सरस्वती का पूजन भी किया था। वे महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को जेएनयू बनाने की कोशिश कर रही हैं, जो कि हम होने नहीं देंगे।

### जब गलत नहीं बोला तो, शब्द वापिस क्यों लिएः सूरज बुंदेला



नोटः इस समाचार के साथ फोटो क्रमांक 06 लगाएं।

युवा हिन्दू नेता सूरज बुंदेला ने कहा कि कुलगुरू पहले दिन से ही अपने द्वारा कही गई बातों को खारिज करती आ रही हैं लेकिन इसके बाद भी उन्होंने अपने शब्द वापिस लेने की बात कही। अब सवाल यह है कि जब आपने कुछ गलत नहीं बोला तो वह कौन से शब्द हैं जिन्हें आप वापिस लेने की बात कह रही हैं। उन्होंने कहा कि कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी को तुरंत उनके पद से हटाया जाए।

### कुलगुरू का वक्तव्य क्षमा के लायक नहींः धर्माचार्य राघवेन्द्र मिश्रा



विश्व हिन्दु परिषद के धर्माचार्य राघवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि मां जानकी हमारी परम आराध्य हैं, यदि हिन्दुस्तान में रहने वाला कोई व्यक्ति मां सीता या हमारे ग्रंथों पर सवाल खड़े करता है तो उसका यह कार्य क्षमा योग्य नहीं है। कुलगुरू प्रो. शुभा तिवारी पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जानी चाहिए।

### कुलगुरू जैसे महत्वपूर्ण पद पर शुभा तिवारी का बैठना उचित नहींः स्वेच्छा पाठक



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्वेच्छा पाठक ने कहा कि कुलगुरू द्वारा माता सीता और भगवान राम का अपने वक्तव्य के माध्यम से अपमान किया गया है, संपूर्ण हिन्दू समाज उनकी बातों से आहत है। वे वामपंथी विचारधारा से पोषित हैं इसलिए कुलगुरू जैसे महत्वपूर्ण पद पर उनका बैठना उचित नहीं है।

## सर्राफा दुकान में हुई चोरी का अब तक नहीं हुआ खुलासा

# अग्रवाल समाज और सर्राफा एसोसिएशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर।



30 जनवरी 2025 को शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार के पास स्थित प्रभात ज्वैलर्स प्रतिष्ठान से दो अज्ञात चोर 40 ग्राम सोने की आभूषण चुरा ले गए थे। घटना के बाद लगभग 2 माह बीत गए हैं लेकिन पुलिस अभी तक चोरों को पकड़ नहीं सकी है। सोमवार को जिला अग्रवाल समाज और सर्राफा एसोसिएशन के सदस्यों ने एसपी से मुलाकात कर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

प्रभात ज्वैलर्स के संचालक तथा जिला अग्रवाल समाज छतरपुर एवं सर्राफा एसोसिऐशन छतरपुर के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने बताया कि 30 जनवरी की दोपहर करीब 3 बजे उनकी दुकान पर आए दो अज्ञात युवक, लगभग 40 ग्राम सोने के आभूषण चुराकर फरार हो गए थे। घटना दिनांक को ही कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराकर सीसीटीवी वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराया गया था। उन्होंने कहा कि उनकी दुकान से हुई चोरी को अंजाम देने वाले चोर अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। वे लगातार थाना के पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर खुलासा करने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक परिणाम सामने नहीं आए। प्रभात अग्रवाल के साथ ज्ञापन देने पहुंचे अन्य व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक अगम जैन से चोरों को पकड़ने की मांग की है।

## ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

# परंपरागत तरीके से हर्ष एवं उल्लास से मनाया होली पर्व

नौगांव।



नगर के ब्राम्हण समाज द्वारा समाज भवन बिलहरी रोड पर ब्राम्हण समाज का होली मिलन समारोह कार्यक्रम का भव्यता पूर्ण आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में नगर एवं तटस्थ ग्रामों के सभी विप्र बंधुओं ने परंपरागत तरीके से हर्ष एवं उल्लास के पर्व होली पर्व को मनाया।

समारोह की शुरुआत भगवान परशुराम जी के पूजन एवं माल्यार्पण से हुई। ब्राम्हण समाज नौगांव के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी एवं युवा अध्यक्ष सुशील द्विवेदी ने विधि विधान से परशुराम भगवान का पूजन एवं वंदन किया। तत्पश्चात समाजसेवी रमाशंकर मिश्र मनीषी ने सभी विप्र बंधुओ एवं भंगीनियों को ब्राम्हण समाज के वर्तमान एवं आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया एवं सभी से संगठित रहने एवं आर्थिक और मानसिक रूप से सतत समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहने के लिये आव्हान किया ।

इसके बाद बुंदेलखंडी परंपरा अनुसार फाग गायन के साथ गुलाब के फूलों से फागों की धुनों पर युवा एवं बुजुर्ग सभी ने खूब होली खेली। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक दूसरे तिलक लगाया, मिठाई खिलाई एवं अपने से बडों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। ब्राम्हण समाज के होली मिलन समारोह में परंपराओं, संस्कारों एवं एकजुटता की अनूठी झलक देखने को मिली।

नौगांव नगर के जाने माने ठेकेदार बद्री प्रसाद रिछारिया ने विप्र बंधुओं के आग्रह पर ब्राह्मण समाज भवन में निर्माण के लिए सीमेंट देने की घोषणा की।

## उन्नत नस्ल वत्स प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** हैडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ दमोह के सामाजिक उत्तरदायित अंतर्गत एकीकृत पशुधन विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित उन्नत नस्ल वत्स प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 45 वत्स प्रदर्शनी में शामिल हुए। जिसमें साहिवाल के 10 बछिया गिर के 14 बछिया एच एफ के 11 बछिया जर्सी के 8 और गिर के 2 मिलकिंग गाय आए जिसमें प्रथम पुरस्कार जय राम यादव इलाई के गिर बछिया को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार विमला बाई रजक नरसिंहगढ़ को तृतीय पुरस्कार जगदीश वेद वैध किशनगंज को दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखन पटेल पशुपालन एवं देरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता श्रीधर एवं सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदोलिया एवं पशुपालन विभाग से उपसंचालक डॉक्टर संजय पांडे डॉक्टर के पी कुर्मी एवं सभी गांव के पशुपालक बंधु उपस्थित हुए एवं बाएफ संस्था से एपीओ गौतम प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

## क्षमता वर्धन कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर




**सिंग्रामपुर।** आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जबेरा के ग्राम बडेरा में एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। आराधना फाउंडेशन के मार्गदर्शक रानू नामदेव ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक रहना चाहिए।

# पूर्व मंत्री पटेरिया ने खेतों में जाकर देखी प्रभावित फसलों की स्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पूर्व मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजा पटेरिया ने पटेरा ब्लॉक का भ्रमण किया। श्री पटेरिया को किसानों द्वारा ओलावृष्टि से नुकसान की जानकारी दी गई थी जिसके बाद वह क्षेत्र में किसानों से मिलने पहुंचे व हालात का जायजा लिया। उन्होने ग्राम बमुरिया, बरखेड़ा पिपरिया, कुंडलपुर, फतेहपुर, बिलगुवा, सिंगपुर आदि का दौरा किया। ओलावृष्टि में जो किसानों की फैसले नष्ट हुई थी उन्होने उनकी जानकारी एकत्रित की व शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग रखी। श्री पटेरिया ने कहा कि शासन से मुआवजा दिलाने के लिये वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के माध्यम से सरकार तक किसानों की बात पहुंचाई जाएगी ताकि मुआवजा वितरण में कोई पक्षपात न हो पाये। ग्राम सेमरा संतोष, कौड़िया, गाता, बरखेरा बैस, कुंडलपुर, फतेहपुर, सिंगपुर, चौपरा, महूना, नादिया, कुड़ई, पिपरिया, शिकारपरा, बम्होरी, मंगोलपुर, रुसल्ली सहित 60 से अधिक गांवों में फसलों का भारी नुकसान हुआ है। सर्वे के अनुसार 6 गांवों में 90% तक नुकसान (मंगोलपुर, बम्हुरिया आदि), 12 गांवों में 75% से अधिक फसल बर्बाद 18 गांवों में 50% नुकसान, अन्य गांवों में 25-40% तक क्षति प्रमुख रूप से गेहूं की फसल को 70% तक नुकसान हुआ है। इस दौरान नबाब सिंह, ज्ञानी यादव, महेश ताम्रकार, पर्वत, प्रमोद जैन, बहादुर सिंह लोधी, भुवानी प्रसाद भी साथ रहे और किसानों की पीड़ा को साझा किया। राजा पटैरया जी ने मांग की कि सरकार को तुरंत कानूनी और बीमा योजनाओं के तहत किसानों को मुआवजा देना चाहिए। यदि शीघ्र राहत नहीं दी गई,

## पुलिस अधीक्षक ने देर रात नोहटा थाना का किया औचक निरीक्षण



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा दिनांक 22-23 मर्च 2025 की मध्य रात्रि में थाना नोहटा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के अभिलेख का अवलोकन किया व थाने में लगे सभी सीसीटीवी ,जप्त रखे वाहनों को चेक किया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए एवं अन्य राजपत्रित अधिकारियों को भी औचक निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। रात्रि भ्रमण के दौरान गश्त पाइंटों पर तैनात पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को चेक किया। थाने के 100 डायल के नोडल पॉइंट व एफ़आरवी बुक को चेक किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिवसों में भी किसी भी थाने पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है एवं कार्य में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 13 लाख की चोरी का मुख्य मास्टरमाइंड दुकान कर्मचारी गिरफ्तार सहयोगियों के साथ मिलकर नकली चाबी तैयार कर चोरी की वारदात को दिया था अंजाम

रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने बीते दिवस बम्बा घाट के पास स्थित लक्स एजेंसी के गोदाम से करीब 13 लाख के अण्डरवियर सहित गारमेण्टस चोरी होने के मामले का खुलासा किया था, जिसके बाद कुछ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था वही मुख्य आरोपी जो फरार था,जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने अब उसे गिरफ्तार कर लिया है, बता दे कि आरोपी कर्मचारी द्वारा गोदाम की नकली चाबी बनवाकर पूरी घटना को अंजाम दिलवाया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अण्डर गार्मेन्ट कपड़ो के गोदाम में 13 मार्च को चोरी की घटना का मामला सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया था वहीं पूरे प्रकरण मे पूर्व में दो आरोपी गिरफ्तार कर उनसे चोरी गया माल जप्त किया गया था जबकि फरार आरोपी प्रकाश मिश्रा पिता स्वं मोतीलाल मिश्रा 40 वर्ष निवासी देवास पोड़ी थाना गढ़ हालमुकाम नीम चौराहा बोदाबाग को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी कर्मचारी को बेचे गये माल की एवज में 30 हजार रुपए मिले थे, जिसे भी पुलिस ने जब्त किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है।बॉक्स चाकूबाजी मे आरोपी सहित एक बाल अपचारी गिरफ्तारशहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के स्नेह कॉलोनी में 21 मार्च को बाइक ओवरटेक को लेकर दो युवकों द्वारा एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त दो थारदार चाकू भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवक ध्रुव कुशवाहा अपनी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दुकान से रात करीब 10 बजे घर लौट रहा था। रास्ते में उसे दो युवकों से बाइक को ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। जब उसने विवाद को बढ़ाने से मना किया, तो आरोपियों ने उसे चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने इस घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक केवट उर्फ कल्लू,पिता राकेश केवट सहितएक बालक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए दो थारदार चाकू भी बरामद किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान के तहत शिक्षा से बच्चों के विकास के विभिन्न आयामों के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

रीवा । पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 वर्ष के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढकरण हेतु कार्यकर्ताओं को क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षित किया गया। इसका उद्देश्य आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के विकास के आयामों (शारीरिक और मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक-नैतिक, सांस्कृतिक/कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। आंगनबाड़ी केन्द्रों मे क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढाई भी अभियान के लिए जिले के सभी 2397 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 3 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 24 मार्च से 26 मार्च तक एवं द्वितीय सत्र में 27 से 29 मार्च तक बाल विकास परियोजना मुख्यालयों में प्रशिक्षण जा रहे हैं। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

# सीएम हेल्पलाइन में विभाग डी और सी श्रेणी में रहा तो होगी कार्यवाही



रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने फरवरी माह की ग्रेडिंग में आठ विभागों के डी श्रेणी तथा तीन विभागों के सी श्रेणी में रहने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों का निराकरण करके विभाग को डी और सी श्रेणी से बाहर लाएं। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। विभागों की रैंकिंग में गिरावट आई तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी तत्काल निराकरण करें। इसमें हैण्डपंपों के सुधार, मनरेगा में मजदूरी भुगतान के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान चलाकर बिगड़े हैण्डपंपों का सुधार कराएं। पेयजल संबंधी विकासखण्ड स्तरीय और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में हैण्डपंप और नलजल योजना के सुधार के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग, ट्राईबल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा खाद्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका इसी सप्ताह निराकरण कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग जन्म-मृत्यु पंजीयन तथा ग्रामीण विकास विभाग के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए विकासखण्डवार शिविर लगाएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों पर कार्यवाही करें। सभी एसडीएम प्राकृतिक आपदा में राहत राशि, भू अर्जन तथा सीमांकन में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलवार शिविर लगाएं। तहसीलदार एवं पटवारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरणों में समुचित उत्तर दर्ज करें। राजस्व विभाग में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का सात दिवस में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में यदि कोई शिकायत अनअटेंडेड पाई गई तो संबंधित एल-1 अधिकारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला आपूर्ति अधिकारी गेंहू उपार्जन केन्द्रों में गेंहू खरीदी के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा तत्काल शुरू कर दें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम दो दिवस में सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दें तथा कृषि उपज मण्डी को लंबित राशि का भुगतान करें। खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों की 31 मार्च से पूर्व शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिला प्रबंधक विपणन संघ करहिया मण्डी में भण्डारित गेंहू और धान की अन्यत्र व्यवस्था करें जिससे मॉडल मण्डी का निर्माण कार्य किया जा सके। सभी एसडीएम गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों का तीन दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। सभी कार्यालय प्रमुख अनुकंपा नियुक्ति के लिए कार्यालय में रिक्त पदों की जानकारी आज ही उपलब्ध करा दें। कार्यालय प्रमुख ई आफिस व्यवस्था के लिए निर्धारित पोर्टल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के ई मेल एवं अन्य जानकारियाँ तत्काल उपलब्ध करा दें। यह कार्य की मुख्य सचिव की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। कलेक्टर ने अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था, नगरीय क्षेत्रों की साफ-सफाई, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की निगरानी तथा गेंहू उपार्जन के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा संभाग का बहुचर्चित शराब घोटाले में ठेकेदारों ने लगाई थी 16 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी

रीवा। रीवा जिले में हुए बहुचर्चित शराब घोटाले पर उच्च न्यायालय ने आर्थिक अपराध शाखा (EOW) को गंभीर निर्देश दिए हैं। जबलपुर उच्च न्यायालय ने ईओडब्ल्यू को आदेश दिया कि वह इस मामले की जांच 6 सप्ताह में पूरी कर रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करे। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैट और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने यह निर्देश जारी किया है। अदालत ने यह भी कहा कि जांच की प्रक्रिया में हो रही देरी को देखते हुए अब जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए और याचिकाकर्ता को हर कदम की जानकारी दी जाए। बता दे कि यह घोटाला 2022-23 मे जिले के 15 स्थानों के शराब ठेकेदारों द्वारा सहकारी बैंक से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक गारंटी प्राप्त करने से जुड़ा हुआ है। इन ठेकेदारों ने करीब 16 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी से शराब का ठेका हासिल किया। जिसके बाद स्थानीय अधिवक्ता शिकायतकर्ता बृजेन्द्र कुमार माला, ने इस मामले की शिकायत पहले आर्थिक अपराध शाखा में की थी, लेकिन जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया। वही मामले में आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि शराब की दुकानों के लाइसेंस जारी करने से पहले विभाग को बैंक गारंटी का सत्यापन करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिससे फर्जी गारंटी के आधार पर ठेकेदारों ने शराब का ठेका हासिल



किया और करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। आबकारी विभाग के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने जानबूझकर इस घोटाले की अनदेखी की। साथ ही, शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि इन ठेकेदारों ने जीएसटी की चोरी भी की। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय से मांग की कि इस घोटाले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।आर्थिक अपराध शाखा ने अब तक इस मामले में असिस्टेंट कमिश्नर आबकारी के बयान दर्ज किया है, लेकिन जांच अभी लंबित है। ईओडब्ल्यू के अधिकारी ने अदालत में यह बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। इस घोटाले के आरोपियों में आबकारी विभाग के कुछ अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी संलिप्तता की संभावना जताई जा रही है।उच्च न्यायालय ने इस मामले में कड़ी टिप्पणियां करते हुए ईओडब्ल्यू से रिपोर्ट तलब की है अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता बृजेन्द्र कुमार माला को जांच के दौरान होने वाली सभी कार्यवाही की जानकारी दी जाए।बॉक्स पूर्व मे शाखा प्रबंधक किए गए थे निलंबित इस मामले की शुरुआत तब हुई जब सहकारी बैंक की मोरबा शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक नागेन्द्र सिंह की मिलीभगत के बारे में खुलासा हुआ। विभागीय जांच में यह पाया गया कि उक्त शाखा प्रबंधक ने फर्जी बैंक गारंटी जारी की थी, जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति या विभाग के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक को निलंबित करने के बावजूद अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। एड. विजेंद्र कुमार माला का कहना है कि यह जांच सिर्फ एक विभागीय कार्रवाई से नहीं निपट सकती, बल्कि इसमें कई महत्वपूर्ण लोग शामिल हैं और इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।बॉक्स जनहित याचिका के जरिए मामला उठाया गयायह मामला तब सार्वजनिक हुआ जब बृजेन्द्र कुमार माला ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। माला ने कहा कि लंबे समय से इस घोटाले की जांच हो रही थी, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ रहे थे, जिसके बाद उन्होंने अदालत का रुख किया। याचिका में माला ने उच्च न्यायालय से मांग की थी कि इस घोटाले में संलिप्त सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

भागवत यात्रा परिवार रजि वृंदावन रीवा शाखा का आयोजन

# चैत्र मास के पवित्र महीने में आशीषाचार्य के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा सिद्ध पीठ पुरनमानाथ में



रीवा। सिद्ध पीठ पुरनमानाथ धाम मैदान अमवा की पावन धरा पर पवित्र चैत्र मास में विशाल श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आयोजन भागवत यात्रा परिवार (रजि) वृंदावन की शाखा द्वारा रखा गया है जो कि दिनांक 8 अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक नित्य दोपहर 2:00 से लेकर शाम 7:00 तक चलेगी जिसमें कथा का वाचन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य आशीषाचार्य जी महाराज वृंदावनोपासक के श्रीमुख से होगा। महाराज श्री विगत कई वर्षों से रीवा की पावन धरा पर कथा का वाचन करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी चैत्र के पवित्र महीने में भगवान कृष्ण की पावन कथा श्रीमद् भागवत महापुराण का वर्णन करेंगे। कथा को लेकर परिवार द्वारा बड़ी जोर- तोड़ से तैयारी की जा रही है। संपूर्ण गांव शहर व नगर में कथा व्यापक प्रचार प्रसार हो रहा है साथ ही बहुत भव्य पैमाने पर ग्राउंड में भी पंडाल लगाया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में श्रोताओं के बैठने की अच्छी व्यवस्था की जाएगी। कथा में नित्य नए-नए उत्सव मनाए जाएंगे। और सभी को मंत्र मुग्ध करने वाला संगीत भी कथा के माध्यम से हम सभी को सुनाई देगा।... कथा का सीधा प्रसारण पूज्य महाराज श्री की यूट्यूब एवं फेसबुक पेज पर चैनल को सब्सक्राइब करके देख सकते हैं देश-विदेश में बैठे भक्त श्रवण करेंगे। भागवत यात्रा परिवार के छोटे बड़े सदस्य गण आदि लोग कथा की तैयारी में लगे हुए हैं। परिवार द्वारा 15 अप्रैल को कवि सम्मेलन भी हैं। ।।कथा सुनने के लिए उमड़ती है भीड़।। बता दें की सुप्रसिद्ध कथा वाचक आशीषाचार्य महाराज वृंदावनोपासक लंबे समय से श्रीमद् भागवत कथा, श्री राम कथा, शिव पुराण कथा, आदि प्रवचन देते हैं। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त जुटते हैं । युवा कथा वाचक के रूप में प्रसिद्ध है। आशीषाचार्य महाराज का कहना है कि हिंदू राष्ट्र घोषित करना बहुत आवश्यक है । तभी हम सब सुरक्षित रहेंगे ।और धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम महाराज श्री का पूर्णता समर्थन में हमेशा रहते हैं।

# दो लग्जरी कार से 1440 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद बैकुंठपुर पुलिस ने घेराबंदी कर की कार्रवाई, आरोपी फरार

रीवा





जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुये दो चार पहिया वाहन से 1440 शीशी अवैध नशीली कप सिरप को जब्त किया है। वही मौके से आरोपी फरार हो गया है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है कार के रजिस्ट्रेशन नंबर से आरोपी की पहचान की गई है। जिससे मामले में कार चालक सहित मालिक की तलाश पुलिस कर रही है। मिली जानकारी अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि सत्येन्द्र कुमार दुबे निवासी बेलौहन टोला समान सफेद रंग की स्विफ्ट कार एवं सफेद रंग की हुण्डइ औरा कार से नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप लेकर लालगांव तरफ से बैकुण्ठपुर की ओर ला रहा है। सूचना मिलते ही बैकुंठपुर थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और पुलिस टीम गठित कर बैकुण्ठपुर के अस्पताल रोड पर घेराबंदी की गई , पुलिस की घेराबंदी देख दोनों कार के चालक ने अपनी-अपनी कारों की चाबी निकालकर दरवाजा खोलकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो स्विफ्ट कार से 09 पेटी में कुल 1080 नग नशीली कफ सिरप व दूसरी कार औरा से 03 नग पेटी में 360 नग नशीली कफ सिरप मिली। दोनों कार से करीब तीन लाख रूपए की अवैध नशीली कफ सिरप पुलिस ने जब्त की है। वही जांच दौरान पुलिस को पता लगा कि दोनों ही कार आरोपी सत्येन्द्र कुमार दुबे पिता संतोष कुमार दुबे निवासी बेलौहन टोला समान रीवा के नाम से रजिस्टर्ड है। जिसके बाद बैकुंठपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार सहित नशीली कफ सिरप को जब्त किया है, वहीं मौके से फरार चालक व सहित कार मालिक की तलाश पर पुलिस द्वारा जगह-जगह पर दबिस जा रही है। बाक्सयूपी बॉर्डर सीमा पर एक दिन पूर्व पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही को दिया था अंजाम यूपी से नशीली कफ सिरप की खेप लंबे समय से रीवा सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंच रही है। एक दिन पहले मऊगंज जिले की हनुमना पुलिस ने भी तीन आरोपियों को क्रेटा कार सहित अवैध नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा था, जिसके बाद अब बैकुंठपुर पुलिस द्वारा दो कारों को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश कर रही है, जिनकी गिरफ्तारी के बाद इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य तस्करों के नाम भी सामने आ सकते है।

# पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने अलग-अलग थानों का किया निरीक्षण, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की करें कड़ी निगरानी





रीवा। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं अन्य राजपत्रित अधिकारियों ने जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान, अधिकारियों ने थानों की कार्यप्रणाली, अपराधों के निपटारे और लंबित मामलों पर गहरी निगरानी कर सुधार के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सामान थाने का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों से जरूरी जानकारी ली और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। इसके साथ ही एएसपी अनिल सोनकर ने गुढ़ थाना, एएसपी विवेक कुमार लाल ने बैकुंठपुर थाना, एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा ने अतरैला थाना, एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति ने मनगवां और गढ़ थाना, सीएसपी रितु उपाध्याय ने सिविल लाइन थाना, और डीएसपी (मुख्यालय) हिमाली पाठक ने रायपुर कर्चुलियान थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थानों में मासिक कार्य विवरणी, मालखाना, चार्जशीट, स्टेशन डायरी, और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का गहन विश्लेषण किया। इसके साथ ही संगीन अपराधों, जैसे हत्या, लूट, डकैती, महिला अपराधों तथा लंबित मामलों की स्थिति का गंभीरता से मूल्यांकन किया। अधिकारियों ने फरार अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, वाहन चेकिंग, रात्रि गश्त और बैंक-एटीएम सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी थानों में लंबित मामलों के निपटारे के लिए तत्काल कदम उठाने और अनुसंधानकर्ताओं को नए आपराधिक कानून के अनुसार जांच प्रक्रिया को त्वरित तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक और वैज्ञानिक पद्धतियों का पालन करने को भी जरूरी बताया। पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने, शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने तथा समाज में अपराध को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने का संकल्प लिया। यह कदम रीवा जिले में पुलिसिंग के स्तर को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है, जिससे न केवल अपराधों पर नियंत्रण पाया जाएगा, बल्कि जनता का पुलिस बल पर विश्वास भी और मजबूत होगा।

## मऊगंज घटना में पूर्व सांसद ने दिया विवादित बयान, आक्रोशित हुए लोग, कहा-उसको धन्यवाद जिसने सम्मान के लिए घटना की



रीवा । मऊगंज घटना की आग अभी शांत नहीं हुई थी एक और बीएसपी के नेता के बयान ने पूरे संभाग में आग लगा दी है आपको बता दे कि बीएसप नेता बुद्धसेन पटेल भूत पूर्व सांसद व भूत पूर्व विधायक जो रीवा में रह चुके हैं, गत दिनों दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने ऐसा बयान दिया जिससे विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व सांसद के भाषण का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इससे एक बार फिर लोगों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस भी इस भाषण की पड़ताल में जुटी है कि यह कहां और किस संदर्भ में दिया गया है। दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित जाति जनगणना से जुड़े कार्यर म में पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल ने मऊगंज जिले के गहरा गांव में बीते 15 मार्च को हुई हिंसा को स्वाभिमान से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अशोक कोल की मौत के बाद उससे जुड़े लोगों के भीतर का जज्या जाग गया। आदिवासियों ने टीम बनाई और जिसने मारा था, उसके घर में जाकर काट दिया। पुलिस पर भी हमला कर दिया। इसमें एक एएसआई मारा गया। उस कोल को हम धन्यवाद देते हैं. जिसने अपने मान सम्मान के लिए यह घटना की है। इसी की जरूरत थी। इस तरह की बयान बाजी से सियासत में एक बार फिर से भूचाल आ गया है। जगह-जगह पर ब्राह्मण सहित कई संगठन के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया है और जल्द ही एक बार फिर से रीवा सहित मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में उग्र आंदोलन होने की तैयारी शुरू होने की आशंका है।

# विधायक गिरीश गौतम के आथित्य में शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित





मऊगंज। जिस प्रकार से देश की आजादी के लिए भारतमाता के वीर सपूतों ने अपने प्राणों का उत्कर्ष देकर देश को आजादी दिलाई थी उसी प्रकार देश के संविधान व सीमाओं की रक्षा हेतु हमारे देश के वीर सपूतों ने देश की रक्षा कर सर्वोच्च बलिदान दिया है। उसी कड़ी में मऊगंज माटी के वीर सपूत शहीद रामसजीवन जायसवाल ने अपने को शामिल कर देश की माटी का कर्ज उतार दिया है। विगत 23 मार्च 1996 को जम्मू काश्मीर में उतार दिया है। विगत 23 मार्च 1996 को जम्मू काश्मीर में आंतकवादी से लड़ते हुये वीर गति को प्राप्त हुआ है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेयी ने देश को कुर्बानी देने वाले वीर सपूतों को सम्मान देने का अभियान शुरू किया था। जिसे भारत सरकार से अभी तक दिया जा रहा है। वीर सपूत भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरू के बलिदान दिवस से अपने बलिदान को जोड़कर शहीद रामसजीवन ने ढेरांचल की मांटी को गौरवान्वित किया है। जिनको नमन करना हमारा राष्ट्रीय धर्म है। उक्त आशय का विचार ढेरा के सी.एम.राइज स्कूल शहीद रामसजीवन के नाम कर उनके प्रति सम्मान करने का कार्य कराने वाले पूर्व विधानसभाध्यक्ष देवतालाब विधायक गिरीश गौतम ने स्कूल में आयोजित शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुये व्यक्त किय। उन्होने कहा कि, आगामी अवसर पर शहीद रामसजीवन की प्रतिमा पर अनावरण के कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद रामसजीवन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई। शहीद की पत्नी वीर नारी श्रीमती देववती जायसवाल को शाल व श्रीफल देकर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र शुक्ला, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् रीवा के राष्ट्रीय सचिव सार्जेन्ट रमेश पाण्डेय, कैप्टन बी0जी0 शर्मा व मऊगंज जिला के अध्यक्ष के0पी0 मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। आयोजन में आये अतिथियों के लिए स्वागत भाषण स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अरूण कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने किया। शहीद दिवस के कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, गणमान्यजनों व अंचल के समाजसेवी जनों के साथ ही बडी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## अमहिया पुलिस ने शातिर अपराधी पिंटू पटेल को अपहरण कर मारपीट के मामले में किया गिरफ्तार

रीवा । पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर अपहरण कर मारपीट करने वाले आरोपी पिंटू पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेस किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।*घटना का विवरणः फरियादी अंकित कुमार पटेल पिता वंशगोपाल पटेल निवासी ग्राम देवरिहन थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज हाल नितेश मिश्रा का किराये का कमरा मड़फा मंदिर के पास आजाद नगर थाना अमहिया जिला रीवा को पिंटू पटेल एवं दो अन्य लोगों ने कार में बैठाकर ले गए जहा तीनों ने फरियादी के साथ मारपीट की और मुझे छोड़कर भाग गए । अंकित पटेल की गई मारपीट की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियो के विरूद्ध थाना अमहिया में अपराध क्रमांक 47/2025 धारा 296,140(3),115(2),351(2),3(5) **BNS** का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है मुखबिर की सूचना पर आरोपी पिंटू पटेल पिता दिनेश पटेल उम्र निवासी घूमा थाना गढ़ जिला रीवा को साईं मंदिर के सामने से गिरफ्तार कर पेश न्यायालय गया है। ज्ञात हो सोहागी थाने से भी एनडीपीएस के मामले में था फ़रार हैउपरोक्त कार्यवाही मे महत्वपूर्ण भूमिकाउनि शिवा अग्रवाल, सऊनि धनेश पांडे, प्रधान आरक्षक 873 मकरध्वज तिवारी आर.577 पीयूष मिश्रा, आरक्षक धर्मेंद्र पटेल, आर0 अनुज सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ





मऊगंज। जिले के सिविल अस्पताल मऊगंज सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण का आयोजन राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 309 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचेतना कार्यक्रम के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के बौद्धिक विकास और गतिविधियों का आयोजन करना है। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए नई तकनीकों और तरीकों की जानकारी दी जा रही है।यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज परियोजना के अंतर्गत, ₹पोषण भी पढ़ाई भी₹ के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की देखभाल के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रवेश मिश्रा और परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा की मौजूदगी में दिया जा रहा है।

## हनुमना में मोबाइल दुकान में आग लगने से युवक बुरी तरह झुलसा, लाखों का माल जलकर राख हुआ



*हनुमना।* हनुमना नगर के वार्ड क्रमांक 9 धर्मशाला परिसर स्थित राहुल मोबाइल की दुकान में बिजली सार्ट हो जाने से रात्रि तकरीबन 11 बजे आग लग जाने से दुकान मालिक राहुल गुप्ता 26 वर्ष बुरी तरह झुलस गया जिससे दुकान में रखी 42 नग स्क्रीन टच मोबाइल एवं कीपैड मोबाइल 28 नग स्क्रीन गाड 54 नग एवं काउंटर में रखे लाखों रुपए जलकर खाक हो गया जो आनन-फानन में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात डॉक्टरो द्वारा संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया, इस घटना सूचना मिलते ही हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष उर्फ सोनू गुप्ता एवं संजू गुप्ता ने रीवा ले जाकर उपचार करा रहे है।